

# सशक्त भारत

सूर्या फाउण्डेशन मासिक पत्रिका

जनवरी, 2024
वर्ष : 21
अंक : 03
₹ 3 प्रति



## मेरा गाँव
## मेरा बड़ा परिवार

suryafoundation1 | @suryafnd | surya_foundation | suryafoundation | www.suryafoundation.org

# चंदन है इस देश की माटी

**चंदन है इस देश की माटी, तपोभूमि हर ग्राम है,**
**हर बाला देवी की प्रतिमा, बच्चा बच्चा राम है।।**
हर शरीर मंदिर सा पावन, हर मानव उपकारी है, जहाँ सिंह बन गये खिलौने, गाय जहाँ माँ प्यारी है।
जहाँ सवेरा शंख बजाता, लोरी गाती शाम है ।।1।। **हर बाला ...**
जहाँ कर्म से भाग्य बदलते, श्रम निष्ठा कल्याणी है, त्याग और तप की गाथायें, गाती कवि की वाणी है।
ज्ञान जहाँ का गंगा जल सा, निर्मल है अविराम है ।।2।। **हर बाला ...**
इसके सैनिक समर भूमि में, गाया करते गीता हैं, जहाँ खेत में हल के नीचे, खेला करती सीता हैं।
जीवन का आदर्श यहाँ पर, परमेश्वर का धाम है ।।3।। **हर बाला ...**

## श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा पर कार्यक्रम

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम 22 जनवरी 2024, को अपने जन्मभूमि अयोध्या जी में स्थापित हुए हैं। इस प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर देश-विदेश में श्री राम जी के प्रति आस्था, उत्साह एवं उमंग का वातावरण बना। इस शुभ, मंगल अवसर पर गाँव में विधिवत हवन पूजन, रैली, सुंदरकाण्ड का पाठ, कलश यात्रा, शोभा यात्रा निकाली गई। आदर्श गाँव नांदियाकल्ला, जोधपुर (राजस्थान) में श्री राम वाटिका का उद्घाटन कर 101 पेड़ लगाया गया। भगवान राम ने जनकल्याण के लिए जीवन भर काम किया था। यह वृक्ष भी बड़े होकर मानव एवं समस्त जीव जंतु, पशु पक्षी से लेकर मनुष्य तक के लिए उपयोगी होंगे वाटिका में **101 वृक्ष लगाकर उनकी रक्षा का संकल्प लेना सभी ग्रामवासियों के द्वारा किया गया एक अनूठा प्रयास है।**

**अवध में राम आये हैं...**





# स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों के स्टॉल

सूर्या फाउण्डेशन द्वारा संचालित महिला स्वयं सहायता समूहों ने स्थानीय उत्पादों की पहचान को बढ़ावा देने के लिए पिछले कई महीनों से स्टॉल लगाने का कार्य शुरू किया है। स्टॉल में विभिन्न प्रकार के स्थानीय उत्पाद जैसे खाद्य सामग्री, हस्तशिल्प सामग्री सर्फ पाउडर शामिल है। ये स्टाल स्थानीय उत्पादकों के लिए बाजार और ग्राहकों के लिए विशिष्ट खरीददारी स्थल की भूमिका निभाता है।

यहाँ पर महिलाएँ अपने उत्पादों को प्रमोट करती है एवं स्थानीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं। इसके साथ ही उन्हें बढ़ते प्रतिस्पर्धा के चलते बाजार में नई दिशाओं में सोचने का अवसर मिलता है। इस कार्य से जुड़कर महिलाएँ आत्मनिर्भर बन रही हैं।

भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के सहयोग से आईआईएम काशीपुर में स्टार्टअप इनक्यूबेटर - आईआईएम कॉलेज काशीपुर, उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित उत्कृष्ट मेला 2024 में एवं सूर्या रोशनी प्लांट मालनपुर में सूर्या फाउण्डेशन द्वारा संचालित समूह की महिलाओं ने स्टॉल लगाया।



मालनपुर, (मध्य प्रदेश)


काशीपुर, (उत्तराखण्ड)



काशीपुर, (उत्तराखण्ड)

देशभर के 18 राज्यों में आयोजित

# खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम












सूर्या फाउण्डेशन के कार्ययुक्त गाँव और उसके आसपास के 4 गाँव को जोड़कर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस वर्ष यह प्रतियोगिता 25 दिसम्बर 2023 (अटल जी जयंती) से 23 जनवरी 2024 (सुभाषचन्द्र बोस जयंती) तक सम्पन्न हुई 18 राज्यों में लगभग 1000 गाँव के 29 हजार से ज्यादा युवाओं ने भाग लिया।

200 स्थानों पर समापन कार्यक्रम किये गए जिसमें सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से गाँव के युवा खिलाडियों की प्रतिभा निखारने एवं आगे बढ़ाने का कार्य सूर्या फाउण्डेशन ने किया। साथ ही देशभर के 10 राज्यों के विजेता खिलाड़ियों की प्रतियोगिता दिल्ली में कराई गयी, जिससे गाँव से आये हुए युवाओं में खेल के क्षेत्र में रुचि एवं आगे बढ़ने का हौसला बढ़ा।

सूर्या फाउण्डेशन इस तरह युवाओं के जन–जागरण का कार्यक्रम पूरे भारत में कर रहा है। सामाजिक कार्यकर्ताओं व क्षेत्र के प्रबुद्धजनों एवं संतों का मार्गदर्शन युवा पीढ़ी को मिलता है। जहाँ एक ओर भारत का युवा गलत आदतों एवं सामाजिक कार्यों से दूरी बना रहा है, वहीं सूर्या फाउण्डेशन भारत यूथ क्लब के द्वारा युवाओं को गाँव में सामाजिक गतिविधियों, परिवार व समाज के विभिन्न पहलुओं से जोड़ने का काम कर रहा है। खेलकूद प्रतियोगिता से खिलाड़ियों में खेल के साथ–साथ व्यक्तित्व का निर्माण भी हो रहा है।













# प्रशिक्षण से उभरते रोजगार के अवसर

सूर्या साधना स्थली झिंझोली दिल्ली में महिला स्वावलम्बन शिविर में प्रशिक्षण लेने के पश्चात गाँव मूण्डला, सीहोर (मध्य प्रदेश) की महिलाओं ने सीताराम स्वयं सहायता समूह का गठन किया। तत्पश्चात समूह की महिलाओं ने मिलकर चटाई और बैग बनाने का काम शुरू किया है। इसकी मार्केटिंग के लिए जगह-जगह पर स्टॉल लगाये जा रहा हैं। इससे घर की महिलाओं को काम मिला है जो आर्थिक मदद भी करता है।





काशी (उत्तर प्रदेश)

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

गाँव के लोगों को स्वास्थ्य का लाभ मिले इसके लिए काशी क्षेत्र के गाँव मनियारीपुर में होम्योपैथिक का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें चिकित्सकों द्वारा घुटने, दांत आदि की बिमारियों का उपचार किया गया। जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क दवाइयाँ दी गयी। इस शिविर के माध्यम से गाँव के 23 महिलाओं, पुरुषों व बच्चों को लाभ मिला। जरूरत पड़ने पर फाउण्डेशन द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है।

# सरकारी योजना हेतु रजिस्ट्रेशन

**नांदियाकल्ला, जोधपुर (राजस्थान)**

राजस्थान के गाँव नांदियाकल्ला में सूर्या फाउण्डेशन द्वारा गोसाईं ग्राम विकास एवं सेवा संस्थान के सहयोग सेसरकारी योजना शिविर का अयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत गाँव के 18 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया। आने वाले समय में इन लोगों का प्रशिक्षण करवाकर, स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहन राशि सरकार की तरफ से दी जायेगी, इससे व्यक्ति अपना खुद का काम शुरू करके अपना भरण पोषण व जीवन यापन कर सकता है। इस योजना के माध्यम से व्यवसायों में लगे कारीगरों और शिल्पकारों को सरकार की तरफ से शामिल किया गया है।




# वृक्षारोपण अभियान के दिखते सकारात्मक परिणाम

सूर्या फाउण्डेशन द्वारा देश भर में हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत आज गाँवों में परिवार एवं किसानो को दिए गए वृक्षों में फल लगने लगे है, तालाब और सड़क किनारे लगाये गए छायादार बरगद, पीपल जैसे वृक्ष बड़े होकर छाया देने लगे है एक पौधा एक संकल्प के तहत लगाये गए आम के पेड़ो में मज्जर (फूल) आने लगे हैं। आज इस वृक्षारोपण के माध्यम से गाँवों, किसानों, और परिवारों के साथ-साथ पर्यावरण को लाभ मिल रहा है।



सशक्त भारत के प्रकाशक, मुद्रक-बिग्रेडियर डी.सी. पंत (सेवानिवृत्त) द्वारा
सूर्या फाउण्डेशन के लिए बी-3/330, पश्चिम विहार, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं
एक्सपो प्रिंट एवं मीडिया ज्वालाहेड़ी, पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110063, से मुद्रित
सम्पादक : प्रमोद कुमार आसरे

Licence No. DL(W) 10/2109/2024-26
R.N.I. No. DELHIN/2003/09359
U Licence : U (W) - 09/2024-26
Date of Publication : 04 Mar, 2024
Date of Postage : 7-8 Mar, 2024
Place of Posting : NIE Post Office

# समाचार पत्रों में कार्यक्रम की झलकियाँ





## सूर्या फाउंडेशन ने किया खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

भवभारत न्यूज

मालनपुर, 18 जनवरी। मालनपुर सूर्या फाउंडेशन प्रत्येक वर्ष खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करती है जिससे युवाओं को मानसिक बौद्धिक शारीरिक के सम्पूर्ण विकास के लिए प्रेरित करती है। सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना के द्वारा मालनपुर में वार्षिक ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तपन बंद्योपाध्याय, विशिष्ट अतिथि प्रमोद आसरे सूर्या फाउंडेशन आदर्श गाँव योजना प्रमुख, अतिथि मुकुल चतुर्वेदी (सूर्या रोशनी लिमिटेड मालनपुर) सौरभ भार्गव सूर्या रोशनी मालनपुर, मुकेश राय।

सूर्या स्टील डिवीजन मालनपुर, प्रमोद आसरे ने कहा कि युवाओं को नशा मुक्त व राष्ट्र निर्माण से जुड़ने का बहुत ही उत्तम मार्ग है युवाओं को खेल के प्रति अच्छे अवसर मिल रहे है सूर्या फाउंडेशन के माध्यम से आज हजारों युवाओं को अन्य विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं में भाग ले कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है उन्होंने वॉलीबॉल टीम को अग्रिम बधाई दी कि अपने क्षेत्र का रोशन कर के आये सूर्या फाउंडेशन इस वर्ष हरियाणा प्रान्त के झिझोली में राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा श्री तपन जी ने कहा ग्रामीण युवाओं में बहुत प्रतिभा है इस प्रकार के आयोजन में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए ताकि खेल में अधिक अवसर प्राप्त हो। मुकुल चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में कहा की भारत अब युवाओं का देश है जिसे खेल मंत्र व अच्छे मार्गदर्शन भी राष्ट्र को मिले है जो राष्ट्र के विकास में प्रमुख भूमिका निभा रहे है।

कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट व मैडल दे सम्मानित किया गया एवं विजेताओं को ट्रॉफी व पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में अपने अपने टीम के उत्साह वर्धन के लिए ग्रामीणों से दर्शक भी उपस्थित रहे। सूर्या फाउंडेशन वरिष्ठ कार्यकर्ता शिव कुमार, अशोक कुमार, रवि तिवारी, नरसिंह तोमर व स्थानीय कार्यकर्ता, सेवाभावी उपस्थित रहे।

## नांदिया में श्री राम वाटिका बना मनाएंगे उत्सव, 111 पौधे लगाएंगे



सोपला। अयोध्या के श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर तैयारियां की जा रही है। नांदिया कलां गांव में इसको लेकर वाटिका लगाई जा रही है। कानसिंह पंवार ने बताया कि राम वाटिका बनाकर 111 पौधे लगाए जाएंगे।

इसको लेकर शुक्रवार को साफ-सफाई की गई। इस दौरान गोसाई ग्राम विकास एवं सेवा संस्थान अध्यक्ष नाथूराम, पर्यावरण प्रमुख कानसिंह, सूर्या फाउंडेशन के पप्पूकुमार, राधा कृष्ण राजीविका ग्राम संगठन कोषाध्यक्ष मंजू गोस्वामी, प्रेम देवी, किरण पंवार, कमला देवी, मंजू देवी, गणपत मेघवाल आदि मौजूद रहे।

## सूर्या फाउंडेशन द्वारा आयोजित सात दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन



नई दिल्ली (संवाददाता)।

खेल मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। ये हमें स्वस्थ रखने, दिमाग की क्षमता को विकसित करने, सामरिकता का अभ्यास करने और टीमवर्क करने का अवसर प्रदान करते हैं। यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाते हैं और हमें सकारात्मक रूप से सोचने, संघर्ष करने और जीतने की क्षमता प्रदान करते हैं।

सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित आदर्श गाँव योजना के तहत स्वस्थ भारत के थीम पर देशभर के 18 राज्यों के 200 गाँवों में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में महात्मा गांधी कैंप दिल्ली में खेलकूद प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उपमहापौर कैलाश सांकला, मुकेश त्रिपाठी (सूर्या फाउंडेशन वाइस चेयरमैन), प्रमोद आसरे (आदर्श गांव योजना प्रमुख) ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर बच्चों को खेल के बारे में भी बताया। इस कार्यक्रम में शिक्षिका आभा जी, नीतीश जी, मुकेश जी आदि लोग उपस्थित रहे।





## नांदिया में एक दिवसीय सरकारी योजना शिविर आयोजित किया गया




सोपला नांदिया गांव में रजिस्ट्रेशन करवाते ग्रामीण

भास्कर न्यूज | सोपला

निकटवर्ती गांव नांदिया कला में गोसाई ग्राम विकास एवं सेवा संस्थान तथा सूर्या फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सरकारी योजना शिविर आयोजित किया गया। जिसमें पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया। इस दौरान नाई, कुम्हार, लोहार, दर्जी, सुथार तथा अलग-अलग कौशल के व्यवसाय वाले श्रेणी वर्गों का रजिस्ट्रेशन किया। इस अवसर पर सरपंच जसवंत सिंह भाटी ने कहा कि पीएम हर वर्ग की आर्थिक स्थिति में सुधार हो उनकी आय बढ़े। कार्यक्रम में सरपंच जसवंत सिंह भाटी, बाबूलाल जैन वार्ड पंच, मोहनराम गर्ग वार्ड पंच, भू सिंह भाटी, कानसिंह पंवार, पुखाराम प्रजापत, पप्पू कुमार, गणपत मेघवाल, मंजू गोस्वामी आदि मौजूद रहे।